हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 फरवरी 2026

06 पुष्पवर्षा व जयघोष से हुआ भव्य स्वागत



09 10 बैलगाड़ियों से विवाह के बाद दुल्हन को अनोखे....





**कार्रवाई: एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी सिविल लाइन पुलिस के हत्थे चढ़ा**

# 23 मामलों में हिस्ट्रीशीटर, तीन हजार का इनामी ब्राउन शुगर तस्कर जित्तू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन और कोतवाली पुलिस ने शनिवार को अलग अलग मामलों में खुलासे किए। सिविल लाइन पुलिस ने शहर में हुई तीन चोरियों के मामले का खुलासा किया तो वहीं कोतवाली पुलिस ने सिंधी कॉलोनी के एक गोदाम में हुई चोरी का खुलासा कर दिया।

सिविल लाइन पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के फरार और 3 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में फरार आरोपी जितेंद्र उर्फ जित्तू कुचबंदिया 30 वर्ष निवासी शेरपुरा टीला क्षेत्र में मौजूद है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अपाचे बाइक बरामद की गई।



विदिशा। आरोपी को गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाने लेकर आई पुलिस।

## 3 चोरी का खुलासा, 9.20 लाख का माल बरामद

सिविल लाइन पुलिस ने चोरी के 3 अलग-अलग मामलों का खुलासा कर दिया है। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 9 लाख 20 हजार का माल बरामद किया गया है। जिसमें डाबर गांव से चोरी बोलोरो पिकअप सहित चिड़ोरिया धाम के पास मोहिया गांव के मंदिर से चोरी किया गया मुकुट व छत्र तथा बिजली तार शामिल हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस आरोपी प्रदीप अहिरवार पिता जयराम अहिरवार उम्र 38 वर्ष निवासी करैयाखेड़ा, राहुल कुशवाह पिता चतर सिंह कुशवाह उम्र 21 वर्ष निवासी किरी मोहल्ला तक पहुंची।



## गोडाउन चोरी का पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार

इधर कोतवाली पुलिस ने सिंधी कॉलोनी में एक गोडाउन में हुई चोरी के 2 आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 75 हजार रुपए का माल बरामद किया है। 6 फरवरी को सिंधी कॉलोनी स्थित एक गोडाउन से नोजल, रबर रिंग और पीएनएस चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 27 वर्षीय सुरेश अहिरवार और 19 साल के सुमित किरार को गिरफ्तार किया है।



कार्रवाई में थाना प्रभारी आनंद राज सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

## जित्तू पर दर्ज हैं 23 आपराधिक प्रकरण

गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र उर्फ जित्तू कुचबंदिया लंबे समय से फरार था और पुलिस द्वारा उस पर इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ थाना सिविल लाइन में मारपीट, जानलेवा हमला, आबकारी अधिनियम, राज्य सुरक्षा अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 23 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी आरके मिश्र, उपनिरीक्षक भोजराज सिंह सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पीए आवास के 202 हितग्राहियों के खातों में जल्द पहुंचेगी पहली किस्त

**एक बार फाइलें गुमने के बाद दोबारा कराए गए थे आवेदन, नपा के खाते में आए 2 करोड़ 2 लाख रु.**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अच्छी खबर

पीएम आवास योजना 0.2 के तहत 202 हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त मिलने जा रही है। प्रथम किस्त के रूप में प्रत्येक हितग्राही को एक लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

यह राशि विदिशा नगरपालिका के पास आ चुकी है और कुछ ही दिन में हितग्राहियों के खाते में पहुंच जाएगी। लंबे समय से हितग्राही अपने आशियाने बनाने के लिए राशि का इंतजार कर रहे हैं। सभी हितग्राहियों की पहले से जमा फाइलें गुम जाने के कारण फिर से आवेदन कराए गए थे। सत्यापन के बाद इन फाइलों को कलेक्टर के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया। जहां से अनुमोदित होने के बाद फाइलों को स्वीकृति के लिए भेजा गया।

स्वीकृति मिले हुए करीब 8 दिन का समय हो चुका है और पैसा नपा के खाते में भी आ चुका है। सिर्फ एक क्लिक होते ही पीएम आवास योजना 0.2 की पहली किस्त के रूप में एक- एक लाख रुपए की राशि 202 हितग्राहियों के खातों में पहुंच जाएगी। सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि करीब 2 करोड़ 2 लाख रुपए की राशि पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को भवन निर्माण के लिए दी जानी है। 2 से 3 में यह राशि सभी हितग्राहियों के खातों में पहुंच जाएगी।

## स्टडी सर्किल का आयोजन किया गया

**विदिशा।** अधिवक्ता परिषद मध्यभारत प्रांत जिला इकाई विदिशा के द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्टडी सर्किल का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के जीवन मूल्यों पर श्याम शर्मा ने संक्षिप्त प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ विवेक चौकसे द्वारा मेडिको लीगल पर विस्तृत बौद्धिक प्रस्तुत किया गया। जिसमें अधिवक्ता परिषद के समस्त अधिकारी एवं सदस्य गण, अभिभाषक संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### बेतवा संरक्षण को लेकर बैठक आज होगी

**विदिशा।** शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली बेतवा की बिगड़ती स्थिति को लेकर विदिशा संस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी द्वारा रविवार को दोपहर 12 बजे बाढ़ वाले गणेश मंदिर मार्ग से बेतवा नदी मध्य क्षेत्र में बैठक आयोजित की जा रही है। यह आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी अतुल तिवारी, राजेंद्र कटारे और नीरज चौरसिया के समर्थन से होगा। कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह राठौर ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता निभाने की अपील की है।

### मुनव्वर सलीम मित्र मंडल की बैठक आज

**विदिशा।** रविवार को दोपहर 1 बजे बड़ा बाजार स्थित चौधरी हाउस में मुनव्वर सलीम मित्र मंडल की बैठक होगी। बैठक में तदर्थ कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा चौधरी मुनव्वर सलीम के कार्यों, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और राष्ट्रवाद के प्रचार-प्रसार पर चर्चा होगी। उनके जीवन से जुड़ी स्मृतियों के संकलन और पुस्तकों के प्रकाशन पर भी विचार किया जाएगा, साथ ही सड़क से संसद तक के उनके सफर को याद कर आगामी रूपरेखा तय होगी। कार्यक्रम में चौधरी सिराज अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहेंगे।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कल

**विदिशा।** विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकि एवं चिकित्सा महाविद्य अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक तनाव एवं विषाद तथा बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्तियों से उभारने ए मनोवैज्ञानिक काउसिलिंग हेतु जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सोमवार 9 फरवरी को टीएल बैठक के बाद कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई है।

### हिट एंड रन के प्रकरण में आर्थिक मदद जारी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सड़क दुघर्टना में मृतक के परिजन को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर जारी कर दी है। हिट एंड रन के प्रकरण की जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी निकिता तिवारी ने बताया कि सागर जिले के ग्राम किशनगढ़ निवासी नंदनी पत्नि चैनसिंह कुशवाह की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो जाने पर मृतिका के परिजन जमनाबाई पति सीताराम कुशवाह को 15 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की गई है।

### प्रदेश में सर्वाधिक पशु चिकित्सा प्रकरण अटेंड

**विदिशा।** चिकित्सा सेवाएं विभाग की मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स (एमवीयू) जिले में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उप संचालक डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश में सर्वाधिक पशु चिकित्सा प्रकरण विदिशा की एमवीयू टीमों द्वारा अटेंड किए जा रहे हैं।

# बोर्ड परीक्षाएं नजदीक, शोर शराबा करने पर होगी कार्रवाई, जिला साइलेंस जोन घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



12वीं और 10वीं की परीक्षाएं नजदीक आ गई हैं। इसको लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 10 फरवरी से 10 अप्रैल तक विदिशा जिले को साइलेंस जोन घोषित कर दिया है। इस अवधि में बिना सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति के लाउडस्पीकर तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार होने वाली हाईस्कूल कक्षा 10वीं, हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं, हायर सेकेंडरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 10 फरवरी से 10 अप्रैल तक होंगी। विद्यार्थियों के अध्ययन एवं परीक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए प्रशासन ने यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों और उनके 200 मीटर दायरे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। साथ ही मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत पूरे जिले को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया गया है।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि आमसभा जुलूस और प्रचार कार्य के लिए सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक सशर्त अनुमति दी जा सकेगी। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए विद्यार्थियों के हित में शांत वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया है।

# रंगई में 251 पौधे लगाए, मंत्री प्रहलाद पटेल हुए शामिल, सार्वजनिक भूमि के सदुपयोग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को रंगई गांव में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां जनसहभागिता से विभिन्न प्रजाति के 251 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में मंत्री पटेल ने कहा कि सार्वजनिक भूमि का उपयोग सार्वजनिक हितों की पूर्ति के लिए किया जाना चाहिए। कई स्थानों पर भूमि के अभाव में शासकीय भवनों के निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, इसलिए उपलब्ध भूमि का सुव्यवस्थित और दूरदर्शी उपयोग आवश्यक है। उन्होंने गौशालाओं के आसपास बड़े वृक्ष लगाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे गौवंश के संवर्धन, स्वास्थ्य संरक्षण और अनुकूल वातावरण निर्माण में मदद मिलेगी।



विदिशा। अभियान के तहत रंगई गांव में पौधरोपण करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल।

### ग्रामीण विकास की भूमिका अहम: टंडन

विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि मप्र को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए ग्रामीण विकास की भूमिका अत्यंत अहम है। उन्होंने जिले में गौसंवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही पशुओं को सड़कों पर भटकने से रोकने में समाज की सक्रिय भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, जनपद सदस्य ममता फूल सिंह यादव, सरपंच अर्चना अमित कुशवाह, संदीप सिंह डोंगर सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी होंगे। समिति का संयोजक जिला जनगणना अधिकारी को और 5 सदस्य जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण और जिला जनसंपर्क अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर जनगणना-2027 संबंधी गतिविधियों के संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है।

# 38 मेधावी छात्राओं को 5-5 हजार की प्रोत्साहन राशि मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


वर्ष 2024–25 में आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 1.90 लाख कि राशि से सम्मानित किया जाएगा। 10वीं कक्षा की 18 तथा 12वीं कक्षा की 20, कुल 38 मेधावी बालिकाओं को प्रति बालिका 5-5 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बालिकाओं की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रकार की योजनाएं बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## सलोनी ने 10वीं में 500 में से 492 अंक प्राप्त किए थे

गंजबासौदा के राजेंद्र नगर स्थित सांदीपनि विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा सलोनी पाल कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि मैंने कक्षा दसवीं में 500 में से 492 अंक प्राप्त कर 98.4% के साथ मध्यप्रदेश की प्रवीण सूची में नौवा स्थान प्राप्त किया था, जिसके परिणामस्वरूप मुझे महिला बाल विकास द्वारा 5 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। मैं इस राशि को अपनी आगे की पढ़ाई और कोचिंग के लिए उपयोग करूंगी।



## कोचिंग के लिए करुंगी उपयोग



नवांकुर विद्या पीठ गंजबासौदा की छात्रा पलक रघुवंशी ने कक्षा 12वीं में 95% अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जो पुरुस्कृत राशि प्रदाय कि जाएगी उससे मैं अपनी आगे कि पढ़ाई मे शैक्षणिक सामग्री पर खर्च करुंगी।

## यूपीएससी की पढ़ाई करूंगी



शाउमावि आमखेड़ा सूखा की कक्षा 12वीं की छात्रा रहीं अर्चना अहिरवार ने बताया कि उन्होंने 97.4% अंक प्राप्त किए थे। वर्तमान समय में बीए फर्स्ट ईयर में हूं। राशि का उपयोग में अपनी यूपीएससी की पढ़ाई के लिए कोचिंग में करुंगी।

# सुपर 100 प्रवेश परीक्षा: मेधावी विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र शासन की सुपर 100 योजना के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क उत्कृष्ट तैयारी का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन परीक्षा आयोजित होगी, जिसके माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को विशेष आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री, आवास एवं भोजन सहित समग्र शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 5 फरवरी से प्रारंभ होकर 5 मार्च तक चलेगी, जबकि परीक्षा 22 मार्च को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में जेईई तथा द्वितीय पाली में नीट से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालयों के उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बनाए जाएंगे। आवेदन शुल्क 200 रुपए निर्धारित है। कक्षा 10वीं के पात्र विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

# डी मार्ट व मल्टीनेशनल कंपनियों के विरोध में आज निकलेगी प्रतीकात्मक शव यात्रा

- दोपहर एक बजे से शुरू होगा अर्थी यात्रा बड़ा बाजार पहुंचेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डी मार्ट एवं मल्टीनेशनल कंपनियों के खिलाफ चल रहे धरना प्रदर्शन के पांचवें दिन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष मनोज जैन ने निर्णय लिया कि कंपनियों के विरोध में प्रतीकात्मक अर्थी यात्रा धरना स्थल से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित करपात्री चौक पर अंत्येष्टि की जाएगी, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। उपाध्यक्ष हेमंत जैन, राजेश नेमा तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश राठी ने बताया कि यह अर्थी यात्रा आज दोपहर 1 बजे माधवगंज से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बड़ा बाजार में समाप्त होगी। मंत्री हरिओम धाकड़, तपन, नयन गोयल, मोहित तिवारी और कार्यालय प्रभारी नीतेश दांगी ने सभी व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी महामंत्री नरेंद्र धनवानी ने दी।




**विदिशा में एनडीपीएस एक्ट पर पुलिस का हाइब्रिड प्रशिक्षण संपन्न**

# अधिकारियों ने साझा किए कानूनी व व्यावहारिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को एनडीपीएस एक्ट से संबंधित हाइब्रिड मोड ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ, जिसका उद्देश्य जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के कानूनी ज्ञान, विवेचना दक्षता और व्यावहारिक कार्यकुशलता को सुदृढ़ करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान एनडीपीएस अधिनियम की बारीकियों, विवेचना प्रक्रिया तथा गांजा, अफीम, भांग, स्मैक और ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों की बरामदगी के समय अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रियाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। जब्ती के दौरान पंचनामा, सैंपलिंग, सीलिंग और दस्तावेजी प्रक्रिया में आवश्यक सावधानियों को भी समझाया गया।

प्रथम सत्र में पीआईटी एनडीपीएस एक्ट विषय के अंतर्गत प्रमुख धाराएं, वैधानिक प्रावधान, जप्ती-गिरफ्तारी की प्रक्रिया और विवेचना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में आरोपियों के फाइनल बाउंड ओवर तथा आगे की न्यायिक कार्यवाही के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा हुई।



प्रशिक्षण शासकीय अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सिंह, रीडर टू पुलिस अधीक्षक श्रीमननारायण चतुर्वेदी एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में 25 अधिकारी-कर्मचारी ऑफलाइन तथा लगभग 35 पुलिसकर्मी ऑनलाइन शामिल हुए। वरिष्ठ अधिकारियों ने संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ कानून सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर नौलखी आश्रम लौटे श्रीमहंत का आगमन

# पुष्पवर्षा व जयघोष से हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नौलखी खालसा के श्रीमहंत राममनोहर दास महाराज ने नर्मदा परिक्रमा सफलतापूर्वक पूर्ण कर शनिवार को आश्रम वापसी की। परिक्रमा पूर्ण होने पर आश्रम पहुंचे श्रीमहंत का एवं उनके साथ गए अन्य परिक्रमा वासियों का नौलखी भक्त मंडल एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, फूल-मालाओं एवं जयघोष के साथ महाराज का स्वागत किया। आश्रम पहुंचते ही श्रीमहंत ने अपने गुरुदेव एवं पूज्य जगन्नाथ दासजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर महाराज श्री ने कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा केवल यात्रा नहीं, बल्कि तप, त्याग, संयम और आत्मशुद्धि का साधना-पथ है। पुराणों में मां नर्मदा को मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा के दर्शन से पुण्य और नर्मदा के स्पर्श से पापक्षय का भाव जनमानस में रचा-बसा है। नर्मदा तटों पर बसे तीर्थ, आश्रम और साधु-संतों के सान्निध्य से साधक के भीतर सेवा, करुणा और प्रकृति-संरक्षण की चेतना जागृत होती है। महाराज श्री ने बताया कि इस बार परिक्रमा वाहनों से की गई, ताकि आगामी समय में प्रस्तावित पैदल नर्मदा परिक्रमा गंजबासौदा से प्रारंभ के लिए मार्ग, ठहराव स्थलों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा सके। आने वाले समय में यह यात्रा पैदल करने का संकल्प लिया गया है। परिक्रमा में महाराज के साथ विकास मिश्रा, नगेन्द्र उपाध्याय, भैयालाल गुप्ता, मनीष पाठक, सोम कटारे, रणवीर रघुवंशी, प्रहलाद रघुवंशी, अनुज चौहान ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नर्मदा परिक्रमा ने उनके जीवन-दृष्टिकोण को बदला है। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा के तट-तट पर सेवा, साधना और अनुशासन का जो भाव मिलता है, वह मन को स्थिर करता है और जीवन में संयम व सकारात्मकता भर देता है।

परिक्रमा मार्ग पर मिले साधु-संतों का सान्निध्य आत्मिक ऊर्जा देता है और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाता है। नर्मदा परिक्रमा को लेकर परिक्रमा वासियों ने बताया कि श्रीमहंत के सानिध्य में यात्रा के अद्भुत अनुभव प्राप्त हुए। महाराजश्री का त्याग, तपस्या के साथ परिक्रमा के रूप में सतत साधना-पथ पर चलना नौलखी परंपरा के लिए प्रेरणास्रोत है।

## सरसों के फूलों से रस एकत्रित करती मधुमक्खी.....



**गंजबासौदा।** पीले सरसों के फूलों पर एक व्यस्त मधुमक्खी खेत में खड़ी सरसों की फसल में आए फूलों से शहद के लिए रस इकट्ठा करती मधुमक्खी ।


## बैंक मित्रों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**गंजबासौदा।** एनआईसीटी कंपनी की नीतियों के खिलाफ देशभर के बैंक मित्र 7 फरवरी को शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रजत कुमार शर्मा ने बताया कि सभी बैंक मित्रों ने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर काम किया। यह प्रदर्शन संगठन की एकजुटता दिखाने के लिए किया गया। बैंक मित्रों का कहना है कि एनआईसीटी कंपनी उनकी जायज़ मांगों की अनदेखी कर रही है। इससे वे मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि कंपनी की नीतियां शोषणकारी हैं।

# अन्नदाता ने दी ईमानदारी की मिसाल, लौटाए ज्यादा मिले पैसे



**गंज बासौदा।** एक किसान ने ईमानदारी की मिसाइल कायम की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ध्रुव रघुवंशी निवासी ग्राम लुडारिया मंडी बामोरा अपनी कृषि उपज लेकर कृषि उपज मंडी में नीलामी के लिए लेकर आया था। नीलामी के दौरान अनिल ट्रेडिंग कंपनी ने किसान से नवीन मंडी प्रांगण में गेहूं क्रय किया। भुगतान देते समय मुनीम द्वारा 50000 कृषक ध्रुव रघुवंशी के पास पहुंच गए किसान को शादी में जाना था। जब किसान अपने घर वापस लौटा उसने पैसे गिने तो उसमें 50000 ज्यादा पाए गए। जिसके बाद किसान ने तुरंत मंडी को सूचित किया और व्यापारी को शनिवार को कृषि उपज मंडी लेकर 50000 लेकर मंडी पहुंचा और मंडी प्रशासन के साथ व्यापारी को ज्यादा पहुंचे पैसे वापस लौटाए और ईमानदारी की मिसाल पेश की। इस मौके पर कृषक ध्रुव रघुवंशी, व्यापारी अनिल जैन, अनाज तिलहन कोषाध्यक्ष सुखजीत सिंह काके, मंडी सहायक उप निरीक्षक शंभू सिंह रघुवंशी, आशीष दुबे, जसवंत दागी उपस्थित थे।




## बोर्ड परीक्षा सिर पर लेकिन प्रशिक्षण बंद नहीं हो रहे पालकों में रोष व्याप्त

**गंज बासौदा।** जिले में बोर्ड परीक्षाएं सिर पर हैं लेकिन शिक्षा विभाग शिक्षकों को प्रशिक्षण देना बंद नहीं कर रहा है जिस कारण पालकों में खासा रोष है। पालकों ने बताया कि फरवरी माह में हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाएं दूसरे सप्ताह से प्रारंभ हो रही है तो कक्षा 5 वी 8वी की परीक्षाएं तीसरे सप्ताह में प्रारंभ हो रही है। ऐसी स्थिति में स्कूल में शिक्षकों पर पढ़ाई का अत्यधिक दबाव है। वह बच्चों की तैयारी में दिन रात एक कर रहे हैं। बच्चों को भी इन दिनों अपने शिक्षकों की हर पल आवश्यकता होती है। परन्तु शिक्षा विभाग को यह सब नजर नहीं आ रहा है। वह परीक्षा के ऐनवक्त भी शिक्षकों के प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। इस कारण पालक एवं विद्यार्थियों में बहुत नाराजगी देखी जा रही है। पालकों ने बताया कि 9 फरवरी से हेल्थ एंड वेलनेस के नाम शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए विदिशा बुलाया गया है। लगता है विभाग बच्चों की पढाई के लिए गंभीर नहीं है । यदि होता तो यह प्रशिक्षण परीक्षाओं के तीन माह पहले या बाद भी आयोजित करवा सकता था। उधर शिक्षकों का भी आरोप है कि रिजल्ट बिगड़ता है तो शिक्षक पर दोषारोपण किया जाता है। अब भर परीक्षाओं में भी पढ़ाई नहीं कराने दे रहे हैं। बोर्ड परीक्षाओ में भी सैकड़ों शिक्षकों की ड्यूटी लगी है। पालकों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से यह प्रशिक्षण बोर्ड परीक्षाओ के बाद कराए जाने की मांग की है।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर नपा सांसद प्रतिनिधि ने व्यापारियों से की चर्चा, सीसी सड़क का कार्य प्रारंभ





**गंजबासौदा।** जय स्तंभ चौक पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान कुछ व्यापारियों को परेशानी आ रही थी। जिसको लेकर शनिवार को नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्या का निराकरण करने की बात कही। जिस पर सभी दुकानदारों ने नगर विकास में सहयोग देने का वायदा किया।

तत्पश्चात सड़क की खुदाई का कार्य प्रारंभ हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि जयस्तंभ चौक से बरेठ रोड के बीच में सड़क चौड़ीकरण का कार्य लंबे समय से किया जा रहा है। लेकिन जयस्तंभ के आसपास फुटपाथ पर बनी दुकानें और गुमठियों का सामान सड़क पर रखा होने से सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही थी और सड़क चौड़ीकरण भी नहीं हो पा रहा था। शुक्रवार को नगर पालिका के राजस्व अमले ने जेसीबी की मदद से सड़क के एक साइड का अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। लेकिन दुकारदारों द्वारा विरोध करने पर कार्य बंद कर दिया गया था। यहां उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर सड़क संकीर्ण होने और बीच में डिवाइडर होने के चलते भारी वाहन निकलते समय जाम की स्थिति बन जाती थी। लगातार नगर पालिका इस तरफ अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण करने का प्रयास कर रही थी। इस बार सख्ती से जेसीबी लाकर जब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई तो सड़क चौड़ी दिखाई देने लगी।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई

# घर से नाराज नाबालिक बालिका को सकुशल परिजनों से मिलाया

**गंज बासौदा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में नाबालिक बालिका की पतारसी हेतु शहर थाना पुलिस ने विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 06.02.2026 को एक नाबालिक बालिका के घर से चले जाने की रिपोर्ट के आधार पर शहर थाना पुलिस ने धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी संजय बेदिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सतर्कता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से नाराज होकर बिना बताए चली गई नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया।

दस्तयाबी उपरांत बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई पर परिजनों द्वारा शहर थाना पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्रवाई में

निरीक्षक संजय बेदिया, दिनेश प्रताप सिंह, सुरेश रघुवंशी, लाखन सिंह, आजाद सिंह, शिवानी, द्रोपती की सराहनीय भूमिका रही।

# उदयपुर में अभ्युदय अभियान का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबसौदा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उदयपुर के सहयोग से पंचायत स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम की सरपंच वर्षा राजेन्द्र चौरसिया, बलराम रघुवंशी समाज सेवी तथा स्वास्थ्य विभाग से सुपरवाइजर अनिल खरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ की गई।

इस अवसर पर आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अमित शर्मा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा ग्राम में समरसता, सद्भाव एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने



ग्रामीणों से स्वच्छ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज निर्माण में सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि द्वारा ग्राम में स्वच्छता एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर अनिल खरे द्वारा टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, नियमित जांच एवं पोषण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में विनोद रघुवंशी, ग्राम सुरक्षा समिति की अभिलाषा शर्मा, आशा सुपरवाइजर सुनीता शर्मा, लक्ष्मी सोनी, संतोषी पंथी, समिति सदस्यों में बसु सोनी, आस्था साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी से मरीज हो रहे परेशान



**गंजबसौदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा अस्पताल की बदहाली और कर्मचारियों की कमी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। एक मरीज को फ्लूइड चढ़ाने में पूरे 3 घंटे का समय लग गया। 3 घंटे बाद नर्स के आने पर फ्लूड चढ़ाया गया।जानकारी के अनुसार अस्पताल में दाखिल एक मरीज को डा. के इलाज के बाद बोतल लगाना थी, लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी किसी ने उसे बोतल नहीं लगाई। तब परिजनों ने वीएमओ प्रवेंद्र तिवारी से फोन पर शिकायत की तो उन्होंने बताया की अभी ड्यूटी पर सिर्फ एक नर्स है, हमारे पास कुल 4 नर्स स्टाफ हैं। एक नर्स ट्रेनिंग पर गई है। कमी का हर्जाना मरीज अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है।

# पाठक संघ ने मनाया जन्मदिन एवं पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंज बासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में कवि प्रदीप का जन्मदिन एवं महान गायिका लतामंगेशकर की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी 1915 में हुआ था। वह हिंदी फिल्मों के महान गीतकार और कवि थे। जो मुख्य रूप से देशभक्ति गीतों के लिए जाने जाते थे उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं लता मंगेशकर का जन्म 28 सितम्बर 1929 को इंदौर रियासत सेंट्रल इंडिया वर्तमान मध्य प्रदेश में हुआ था। लता मंगेशकर महान गायिका बॉलीवुड की कोकिला और सबसे प्रिय आवाज भारत की महान गायिका लता मंगेशकर का 92 वर्ष की आयु में 6 फरवरी 2025 को मुंबई में निधन हो गया। जीवन काल में 40000 से अधिक गाने गए उन्हें भारत रत्न भारत रत्न, पद्म विभूषण और दादा साहब फाल्के पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए वर्ष 1974 में गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मंगेशकर को मानव इतिहास में अधिक गाने रिकॉर्ड करने वाली कलाकार घोषित किया गया। लता मंगेशकर के अंतिम शब्द ₹इस दुनिया में मृत्यु से बढ़कर कोई सत्य नहीं है ₹अंत में मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार, लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा, कैलाश नेमा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## कॅरियर मेला में विद्यार्थियों को समापन अवसर पर किया पुरस्कृत

# वितरित की गईं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में शासन के निर्देशानुसार करियर सप्ताह का समापन करियर मेला से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट नरेंद्र व्यास, नरेश मीणा, सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष दुबे, डॉक्टर नीलेश गुर्जर, कसीमीर खाखा प्रबंधक इंडियन बैंक, दीपक उपाध्याय प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ौदा, अंशुल गर्ग सब पोस्टमास्टर, बंसल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक हरि नारायण साहू, प्रदीप वर्मा, राजस्व निरीक्षक शैलेश गायकवाड, प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्र संघ पदाधिकारियों ने अतिथियों का रोली अक्षत से स्वागत किया। प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने करियर सप्ताह में आयोजित विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उपस्थित विद्यार्थियों को नीट, जेईई, पुलिस कांस्टेबल, अग्निवीर, नर्सिंग,एसएससी, एनडीए, डाक सेवक, आरआरबी, आईआईटी, बैंक क्लर्क व प्रोबेशनरी ऑफिसर, क्लैट, सीयूईटी, शिक्षक, सहायक प्राध्यापक, लोक सेवा आयोग, रक्षा





सेवा,सहित खेल, पत्रकारिता, पटवारी, उन्नत कृषक, उद्यानिकी, दूध डेयरी तथा स्वरोजगार से व्यवसाई बनने संबंधी जानकारियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कैरियर मेले के समापन पर विद्यालय के कक्षा 12 के चयनित 15 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारीयों से संबंधित पुस्तके भेंट की गई। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों ने इन पुस्तकों को विद्यालय की लाइब्रेरी में जमा किया, जिससे आने वाले कक्षाओं के विद्यार्थी भी इन पुस्तकों का उपयोग अपनी तैयारियों के लिए कर सके। वक्ताओं ने सभी विद्यार्थियों से अपनी क्षमता का आंकलन करने,अपनी रुचि अनुसार भविष्य की चुनौतियों का सामना कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स दिए। पहले अपनी अध्यनयरत कक्षा का पाठ्यक्रम पूर्ण करने फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी। सभी ने विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करने, समय का उचित प्रबंधन करने, तनाव रहित रहते हुए परीक्षाओं की तैयारी करने का आवाहन किया। सभी अतिथियों को प्राचार्य अभय कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने गुफा शिव मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। संचालन संयोजक योगेश चतुर्वेदी ने व विनोद मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। इसमें धनसिंह कुशवाह, शिक्षक दिलीप पाल, अभिषेक आनंद, नरेंद्र परिहार, देवेंद्र दिवाकर, कीर्ति राजपूत, सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम चौराहा के सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन आज

**सागर।** नगर के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सिविल लाइन स्थित प्रमुख चौराहे का नामकरण अब भगवान परशुराम चौराहा के रूप में किया गया है, जिसके सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम रविवार, 8 फरवरी को प्रातः 12 बजे आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम महापौर संगीता सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस विकास कार्य का उद्देश्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाना है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था से जुड़े स्थलों को व्यवस्थित रूप से विकसित कर उन्हें नई पहचान देना भी है। चौराहे के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र की भौतिक संरचना में सुधार होगा, यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित बनेगी तथा नागरिकों को आकर्षक और स्वच्छ सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। यह पहल शहर के समग्र शहरी विकास और सौंदर्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### हिन्दू सम्मेलन का होगा आयोजन

**खुरई।** नगर में सकल हिन्दू समाज समिति, खुरई के तत्वावधान में एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू जागरण की दिशा में नई ऊर्जा एवं चेतना का संचार करना, साथ ही सनातन संस्कृति, सनातन धर्म, सामाजिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द को सशक्त रूप से आगे बढ़ाना है। यह हिन्दू सम्मेलन समाज को एक सूत्र में बाँधने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक होगा। आयोजन को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु समस्त मातृशक्ति, भाई-बहनों एवं नगरवासियों से विनम्र आग्रह किया जाता है कि वे अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

# 10 बैलगाड़ियों से विवाह के बाद दुल्हन को अनोखे अंदाज में ससुराल लेकर पहुंचा दुल्हा

## पुरानी परंपरा यादगार बनाकर उसे फिर से प्रारंभ करने के उद्देश्य से प्रयास किया : डॉ प्रशांत









राजीव जैन सैनानी ▶▶सिरोंज

आज के बदलते दौर में जहां हर कोई शादियों में लग्जरी कारें, घोड़े और महंगे काफिलो की शान में लाखों रूपये खर्च कर रहें है। वही सिरोंज में साध परिवार ने अपनी पुरानी परपंरा को जीवित रखते हुए वरिष्ठ समाजसेवी राजू साध ने अपने बेटे डॉ प्रंशात साध की शादी में दुल्हन को विदाई के बाद बैल गाडी से ससुराल लाया गया।

बैलगाडी से जब दुल्हा अपनी दुल्हन को लेकर ससुराल के लिए निकला तो लोगों को बीते जमाने की याद आ गई। शनिवार को जब दूल्हा डॉ प्रशांत साध घोडे पर सवार होकर अपनी दुल्हन को बैलगाडी में लेकर निकला तो शहर में मानो उत्सव का अलग ही रंग छा गया। सादगी से भरी इस अनोखी विदाई को देखकर लोग हैरान रह गए और नागरिको ने स्वागत में फूलों की बारिश कर दी। वही साध परिवार की यह शादी अब शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यह दुल्हन की विदाई सिर्फ एक शादी नहीं बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने का संदेश है।

### दो महीनों से की जा रही थी तैयारियां

*हरिभूमि ने इस अनोखी विदाई को लेकर जब दुल्हा डॉ प्रंशात साध से चर्चा की तो उन्होने बताया कि आज के जमाने में हर कोई लग्जरी शादी कर लाखों रूपया वरवाद कर रहा है। इसी के साथ लोग अपनी पुरानी परपंराओं को धीरे धीरे पूरी तरह भूलते जा रहें है। हमारी शादी में बैलगाड़ी से विदाई करने की तैयारी हमारे परिवार द्वारा पिछले दो महीनों से की जा रही थी। यह हमारी एक पुरानी परंपरा है, जो धीरे-धीरे भुलाई जा रही है। इसी परंपरा को यादगार बनाने और उसे फिर से प्रारंभ करने के उद्देश्य से यह प्रयास किया गया है। साथ ही में आम नागरिको से भी यही कहूगा कि लग्जरी शादी सब करें लेकिन अपनी पुरानी परंपराओं को भी याद करें और उन्हें निभाएं।*

### फूल मालाओं से सजाई बैलगाड़ियां

*साध परिवार ने दुल्हन की विदाई के लिए 10 बैलगाडियों की बुंकिग पिछले दो माह पहले ही कर ली थी। फूलमालाओं से सजी बैलगाड़ियां व डीजे,बैंड करीब एक दर्जन से अधिक बैलगाड़ियां मंगवाई गईं, जिन्हें फूलो की सजावट से दुल्हन की डोली की तरह तैयार किया गया। डीजे की तेज आवाज की जगह पुरानी परंपरा का बैंड-बाजा गूंज रहा था। दूल्हा घोडे पर और बाराती सभी बैलगाड़ियों में बैठे और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दुल्हन को ससुराल लेकर पहुचें। सिरोंज शहर में पुरानी परंपराओं को जीवंत रखने के लिए नगर के नयापुरा निवासी राजू साध ने अपने डॉक्टर बेटे की शादी में बैलगाड़ी से दुल्हन की विदाई करवाई। यह अनूठी पहल आधुनिकता के दौर में सादगी, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। जब हरिभूमि ने दुल्हे के पिता राजू साध से चर्चा की तो उन्होने कहा कि आधुनिकता,तकनीकी विकास और पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा पीढ़ी अपनी पारंपरिक संस्कृति, वेशभूषा और मूल्यों से दूर होती जा रही है। यह जेनरेशन गैप का हिस्सा है, जहां युवा तत्काल सुख और डिजिटल दुनिया को प्राथमिकता देते हैं। इसका कारण उचित मार्गदर्शन का अभाव और सोशल मीडिया का प्रभाव है, जिससे पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मर्यादाओं में भी बदलाव आ रहा है।*




# पुलिस ने पकड़ा 8 लाख की कीमत का 43 किलो गांजा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**सागर।** सागर जिले के बंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी दलपतपुर से बोलेरो वाहन से 43 किलोग्राम गांजा जप्त कर आरोपियो पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार को सूचना मिली कि ग्राम दलपतपुर में कोमल सिंह लोधी एवं उसका पुत्र अनिल लोधी अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करते हैं तथा उक्त दिन सफेद रंग की बोलेरो वाहन से गांजा बेचने जाने की तैयारी में हैं। दबिश के दौरान आरोपियों के निवास स्थान एवं सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो कार क्रमांक एमपी-15-जेडबी-9352 की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें कुल 43.660 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (कीमत लगभग 08 लाख रुपये) बरामद किया गया। साथ ही चार खाकी रंग के उपयोग में लाए गए टेप, कैंची, लोहे का तराजू, 50 ग्राम एवं 200 ग्राम के बाट भी जप्त किए गए। गांजा परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) को भी जप्त किया गया। पुलिस ने कोमल सिंह लोधी, पिता बल्देव लोधी, उम्र 40 वर्ष अनिल लोधी, पिता कोमल सिंह लोधी, उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01, दलपतपुर, थाना बंडा को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर नालियों से सीएन्डडी वेस्ट मलवा हटवाया

**सागर।** एमएलबी स्कूल के आसपास नालियों में जमा सीएन्डडी वेस्ट मलवा निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर हटवाया। उन्होंने उपस्थित सफाईकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की नालियों में जरा सा भी सीएन्डडी वेस्ट पड़ा न रहे इससे कचरा छिड़ता है और नालियाँ चोक होकर गंदगी सड़कों पर बहती है। पूरी सजगता के साथ नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की नालियों में पत्थर, मिट्टी, रेत, गिट्टी, ईट सहित भवन निर्माण सामग्री या मकान निर्माण टूटने से निकला मलवा पहुंचने से पहले ही रोकें। उन्होंने कहा की निर्माण कार्य शासकीय अशासकीय कैसा भी हो सीएन्डडी वेस्ट सड़क किनारे न पड़ा रहे। निर्माण या विधवंस कर्ताओं और नागरिकों से सामंजस्य स्थापित करें उन्हें सी एन्ड डी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की जानकारी और नंबर उपलब्ध करायें। भवन निर्माण या किसी भी प्रकार की टूटफूट में निकली अनुपयोगी सामग्री मलवा आदि तत्काल उठवाकर सी एन्ड डी वेस्ट प्लांट पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की खुले में यहां वहां पड़ा सी एन्ड डी वेस्ट मलवा आदि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को प्रभावित करता है। सड़क किनारे डाला गया मलवा या निर्माण समाग्री धीरे धीरे नालियों में पहुंच जाती है साथ ही उसके अंश उड़कर हवा में घुलते हैं। इस प्रक्रिया को रोकना हम सभी का प्रयास होना चाहिए। सभी नागरिक व निर्माण विधवंस करने वाले हरी नेट लगाकर ही काम करें ताकि धूल मिट्टी की मात्रा को हवा में घुलने से रोका जा सके कम किया जा सके। जो भी व्यक्ति सड़क पर या इसके किनारे निर्धारित समय से ज्यादा मलवा या निर्माण सामग्री डालकर रखे उन पर चालानी कार्यवाही करें।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह




हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 5 से 7 फरवरी तक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। 3 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा, साहित्यिक, रचनात्मक तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शनिवार को पुरस्कार वितरण हुआ। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेई ने वर्षभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। विधायक मुकेश टंडन ने विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने और निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सुरेंद्र रघुवंशी ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की, जबकि श्यामसुंदर शर्मा ने भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर बल दिया। मंजरी जैन ने युवाओं की सकारात्मक भूमिका को देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय में टीन शेड निर्माण की मांग भी रखी गई, जिसे विधायक ने स्वीकार किया। कार्यक्रम का संचालन भगवत सिंह पाल ने किया।

### व्यापारियों ने बाजार में सुलभ कॉम्पलेक्स बनाने ज्ञापन सौंपा

**कुरवाई।** नगर के मुख्य बाजार वार्ड क्रमांक 12 में शासकीय जमीन पर प्रस्तावित सुलभ कंपलेक्स के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए एसडीएम मनीष जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कंपलेक्स का निर्माण प्रारंभ करने की मांग की है। व्यापारियों ने बताया कि मुख्य बाजार में सुलभ कंपलेक्स की व्यवस्था न होने से बाजार में आने वाले ग्राहकों को और दुकानदारों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। खासतौर से महिलाओं को खुले में जाना पड़ता है। जिससे उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। अक्सर मकान मालिक से विवाद का कारण बनता है। कुरवाई नगर में दो नवीन सुलभ कंपलेक्स स्वीकृत हुए हैं जिनका निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया था। मुख्य बाजार में बनने वाला सुलभ कंपलेक्स का काम कुछ लोगों की आपत्ति के कारण रोक दिया गया जो उचित नहीं है। सुलभ कंपलेक्स सब की आवश्यकता है और उसका निर्माण शासकीय भूमि पर हो रहा था जिसको शीघ्र प्रारंभ कराकर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

# हनुमान मंदिर में पाटोत्सव का शुभारंभ दूसरे दिन राम जन्मोत्सव मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶आनंदपुर

आनंदपुर-लटेरी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीरामदास हनुमान ट्रस्ट व श्रीसद्गुरु संकल्प ट्रस्ट के तत्वावधान में हनुमान जी के वार्षिक पाटोत्सव का शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस श्रीरामकिंकर विचारमिशन के अध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण जी महाराज की व्यासपीठ पूजन डॉ. विष्णुभाई जोबनपुत्रा, भारतीबेन, मिलोनीबेन सहित श्रद्धालुओं ने किया। पं. अनिल शास्त्री चित्रकूट व वेद विद्यापीठ के 160 विद्यार्थियों द्वारा वेदपाठ एवं श्रीरामचरितमानस स्थापना पूजन संपन्न हुआ। मंगल भवन में संगीतमय नवान्ह पाठ आरंभ हुआ। मुंबई, राजकोट, अहमदाबाद, यवतमाल, भोपाल व विदिशा से आए भक्तों ने ग्रंथ शोभायात्रा निकाली। प्रवचन में स्वामी जी ने अरण्यकाण्ड प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, माया, ज्ञान व आत्मतत्व की व्याख्या करते हुए बताया कि सत्-चित्-आनंद ही आत्मा का स्वरूप है और सच्ची भक्ति से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में अनेक संत, ट्रस्टी व समाजसेवी उपस्थित रहे।

रामायण पाठ के दौरान द्वितीय दिन राम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सदगुरु नगर आनंदपुर का पवित्र परिसर भक्ति और आनंद में डूबा हुआ था। नौ दिवसीय रामायण पाठ के द्वितीय दिन भगवान श्रीराम के दिव्य जन्म का श्रद्धापूर्वक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह रुद्राभिषेक,गुरु पादुका पूजन हुआ। प .अनिल पाठक द्वारा रामायण पाठ किया गया। भावपूर्ण भक्ति गीत, मधुर भजन और भगवान राम की विशेष आरती ने गहन आध्यात्मिक आनंद का वातावरण बना दिया। सद्गुरु परिवार के सदस्यों के साथ-साथ मुंबई ,दिल्ली,राजकोट आदि देश भर से आए गुरु-भाई और गुरु-बेन ने गहरी आस्था, भक्ति और हार्दिक उत्साह के साथ भाग लिया।

**कालूसकर को दी श्रद्धांजलि:** विदिशा। नगर में लंबे समय से साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों में सक्रिय तथा सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय के मंत्री लक्ष्मीकांत कालूसकर का आकस्मिक निधन इंदौर में हो गया। श्री माता वैष्णो देवी ग्रुप के सदस्य इंदौर पहुंचकर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और पुष्पांजलि अर्पित की। श्री कालूसकर का संपूर्ण सेवा कार्यकाल विदिशा में व्यतीत हुआ।



# रानी अवक्का की 500वीं वर्षगांठ पर वीरांगना परिचय कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुरवाई इकाई ने भारत की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी रानी अवक्का के जन्म की 500वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वीरांगना परिचय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम राजेंद्र सक्सेना मेमोरियल स्कूल कुरवाई में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी एवं नगर सह मंत्री मुस्कान ठाकुर उपस्थित रहीं। दोनों ने कार्यक्रम को संबोधित कर रानी अवक्का के अदम्य साहस, नेतृत्व एवं पुर्तगालियों के खिलाफ 16वीं शताब्दी में दिए गए संघर्ष की गौरव गाथा को युवाओं के समक्ष रखा। जिसमें अभाविप के परिसर मंत्री अमन यादव, अमित सप्रे , सानिध्य ठाकुर, ऋषि राजपूत, सिद्धांत चौरसिया व अन्य छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय युवाओं ने भाग लिया।

रानी अवक्का जी, जिन्हें अभया रानी के नाम से भी जाना जाता है, कर्नाटक के उल्लाल (तुलुनाडु क्षेत्र) की चौटा वंश की रानी थीं। उन्होंने पुर्तगाली आक्रमणकारियों के विरुद्ध कई दशकों तक सफलतापूर्वक प्रतिरोध किया और भारत की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी के रूप में इतिहास में अमर हो गईं। कार्यक्रम में उनके जीवन के प्रमुख प्रसंगों, युद्ध कौशल पर प्रकाश डाला गया।

# देश के राज्यों की रंग-बिरंगी झलकियों ने मोहा मन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावक हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़




ग्यारसपुर जनपद के हैदरगढ़ स्थित एनएम एजुकेशन विद्यालय में आयोजित वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के संचालक दीपक साहू ने सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं एवं उपहार भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

महोत्सव के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मंच पर देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाते हुए पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी सहित अन्य राज्यों की लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया, विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए ट्राफियां अतिथियों के द्वारा दी गई।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, स्थानीय सरपंच सुनील कुमार विश्वकर्मा, जनपद सदस्य कमल प्रजापति एवं फारूक अली, शिक्षक प्रताप सिंह कुशवाह, गोविंद दास बैरागी, अमजद खान, देवेंद्र धाकड़, छोटेलाल साहू, जगन्नाथ साहू, संदीप साहू, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शमशाबाद में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण अधिकारियों ने सीखे बचाव के तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डिजास्टर रिस्पॉन्स प्रोग्राम के अंतर्गत बाढ़ आपदा राहत, खोज एवं बचाव विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में शमशाबाद तहसील कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम अजय पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि प्रशिक्षण का संचालन आपदा अधिकारी रश्मि दुबे ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम श्री पटेल और रश्मि दुबे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। प्रशिक्षण सत्र में इन्सीडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (आईआरएस), रेस्क्यू टास्क फोर्स की संरचना तथा आपदा के समय विभिन्न टीम सदस्यों की भूमिका, जवाबदेही और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। मयंक कुमार जैन, रश्मि दुबे, प्लाटून कमांडर और एसडीईआरएफ टीम ने बाढ़ राहत, खोज एवं बचाव कार्यों में विभागीय समन्वय तथा आपदा से पूर्व, दौरान और बाद की आवश्यक कार्यवाही पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के दौरान बाढ़, भूकंप, आगजनी, सर्पदंश, वज्रपात, लू, शीतलहर और प्राथमिक उपचार से संबंधित बचाव उपायों की जानकारी भी दी गई। साथ ही प्रशिक्षुओं को 'सचेत' ऐप डाउनलोड कराकर उसके उपयोग और महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा।

**खबर संक्षेप**

## ग्राम काछीकाना खेड़ा में यज्ञ का हुआ समापन



**सांची।** ग्राम काछी कानाखेड़ा में पांच-दिवसीय यज्ञ का शनिवार को समापन हो गया। प्रत्येक दिन हवन पूजन के साथ रात में भजन एवं कीर्तन का आयोजन भी हुआ। इस यज्ञ में विधिवत तरीके से श्री हनुमान जी महाराज के चोला धारण के लिए इस महायज्ञ को करवाया गया था जिसमें सभी ग्राम वासियों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया। समापन में मां भंडारा रखा गय जिसमें गांव सहित आसपास के लोगों ने भंडारे में भोजन प्रसादी का आनंद उठाया।

## विधायक ने किया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन



**गैरतगंज।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने आज 90 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के इस महत्वपूर्ण वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ना और उनके जीवन स्तर को सुधारना ही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। विधायक ने पंचायत स्तर पर हो रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सरपंच ममता बाई आदिवासी और सचिव संधीर सिंह के प्रयासों की खुले मन से प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास कार्यों की इस नई शुरुआत का स्वागत किया।

## दीवानगंज मेन मार्केट में पुलिस ने की गश्त

**दीवानगंज।** शनिवार देर शाम को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और पुलिस बल ने संयुक्त रूप से दीवानगंज के मेन मार्केट क्षेत्र में सघन गश्त की। इस दौरान पुलिस बल ने बाजार में घूम-घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस द्वारा दुकानदारों और नागरिकों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**ट्रैफिक पुलिस नदारद : सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन, एसबीआई के सामने हालात बदतर**

# यातायात व्यवस्था संभालने में विभाग नाकाम, शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का जमावड़ा, लग रहा जाम



जिला अस्पताल के सामने, सांची रोड



शहर का मुख्य सागर-भोपाल तिराहा



माता मंदिर चौराहा, सांची रोड

» शहर की मुख्य सड़कों के दोनो ओर लगी रहती है खड़े हुए वाहनों की कतारें, नहीं होती कार्रवाई

» सांची मार्ग के साथ सागर मार्ग की स्थिति खराब, सड़क साइड खोद कर कर रहे नाला निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सागर–भोपाल स्टेट हाईवे पर शहर के बीचों-बीच स्थित एसबीआई बैंक के सामने यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। यहां एक ओर पोस्ट ऑफिस कार्यालय से लेकर गर्ल्स स्कूल तक नाला निर्माण के सड़क की किनारे खोद रखी हैं, तो दूसरी साइड वाहनों की पार्किंग बनी हुई है। जिसके चलते यहां हर दिन यात्री बसों, भारी वाहनों, ऑटो और दोपहिया वाहनों की भीड़ के कारण लंबा जाम लग रहा है। हालात ऐसे हैं कि दो-लेन सड़क बनने के बावजूद ट्रैफिक की समस्या जस की तस बनी हुई है।

सुबह से लेकर शाम तक बैंक, आसपास की दुकानों और सड़क किनारे अवैध पार्किंग के चलते वाहनों की कतारें लग जाती हैं। खासतौर पर कार्यालय समय और स्कूल छुट्टी के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है। भारी वाहन बीच सड़क पर खड़े हो जाते हैं, जिससे दोनों ओर का यातायात प्रभावित होता है। कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों को भी जाम में फंसते देखा गया है।

### शहरवासियों को उम्मीद प्रशासन इस समस्या पर ध्यान देगा और जाम से राहत दिलाएगा

शहर के सबसे अति व्यस्त इंडियन चौराहे पर यातायात जाम अब रोज़मर्रा की समस्या बन चुका है। खासकर शादी-विवाह के सीजन में हालात और बिगड़ जाते हैं। शनिवार को भी यही नजारा देखने को मिला, जब चौराहे पर घंटों तक वाहन रेंगते रहे। चारों ओर से आने वाले दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के कारण सड़क पर लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शनिवार को दोपहर बाद से ही चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई थी। विवाह आयोजनों में शामिल होने जा रहे वाहनों, बारातों के कारण बढ़े ट्रैफिक और अव्यवस्थित पार्किंग ने हालात और खराब कर दिए। जाम में फंसे वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें चौराहा पार करने में 20 से 30 मिनट तक का समय लग गया। व्यापारियों का कहना है कि इंडियन चौराहा शहर का प्रमुख आवागमन का केंद्र है। यहां नियमित ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होने से न सिर्फ आम लोग, बल्कि दुकानदार भी प्रभावित हो रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा।

### लोगों की मांग - बेलगाम यातायात पर लगे लगाम

नागरिकों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी मौके से गायब रहते हैं। जाम लगने पर कोई व्यवस्था संभालने नहीं आता, जिससे वाहन चालक मनमानी करते हैं और ट्रैफिक पूरी तरह बेलगाम हो जाता है। सड़क किनारे खड़े ठेले, ऑटो और निजी वाहनों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं व्यापारियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि एसबीआई बैंक के सामने स्थायी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। भारी वाहनों के लिए समय तय किया जाए। साथ ही सड़क पर संकेतक और डिवाइडर की उचित व्यवस्था कर यातायात को सुचारू बनाया जाए।

### अवैध पार्किंग पर हो कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि शादी-विवाह सीजन को देखते हुए चौराहे पर अतिरिक्त यातायात पुलिस बल तैनात किया जाए, अवैध पार्किंग पर सख्ती हो और ट्रैफिक सिग्नल अथवा बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था की जाए। ताकि शहरवासियों को रोज़ाना लगने वाले इस जाम से राहत मिल सके।

डॉ देवेंद्र धाकड़ ने बताया कि शहर की सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। फुटपाथ पर अतिक्रमण और तेज रफ्तार वाहन बुजुर्गों, बच्चों के लिए अब खतरा बनते जा रहे हैं।

### सुधारेंगे व्यवस्थाएं

शहर की ट्रैफिक सिस्टम में लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने नगर पालिका को भी निर्देशित किया है कि व्यवस्था में सुधार लाएं।


\- **लता मालवीय,** यातायात प्रभारी रायसेन।

### यातायात व्यवस्था सुधार पर लोगों की प्रतिक्रियाएं-



हर दिन जाम लगता है, ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाते। अगर ट्रैफिक पुलिस नियमित ड्यूटी करे और अवैध पार्किंग हटे तो आधी समस्या खुद खत्म हो जाए।

\- **मनीष माहेश्वरी,** व्यापारी।



सड़क पर ऑटो-ई-रिक्शा और ठेलों की कोई लाइन नहीं है। सब मनमर्जी से खड़े हो जाते हैं, इसी से जाम लगता है। प्रशासन को तय स्टैंड बनाने चाहिए।

\- **मनोज सोनी,** अनाज व्यापारी।



सुबह-शाम बच्चों को स्कूल छोड़ने में सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम के साथ जेब्रा क्रॉसिंग बनाया जाना चाहिए, जिससे हादसे भी कम होंगे।

\- **सविता जमना सेन,** नपाध्यक्ष।

## मृगन्नाथधाम में शिव पुराण महायज्ञ के लिए आज निकलेगी विशाल कलश यात्रा

**बाड़ी।** कासिया पाटनी के आंगन में पुरातत्व की धरोहर धार्मिक आस्था की बोलती तस्वीरें जन आंखों में आस्था के रूप में मिसाल के रूप में प्रत्यक्ष रूप से दर्शन कराती है। विंध्याचल की मनमोहक पहाड़ी अलौकिक गुफा जिसका कोई अंत नहीं विश्वव की धरोहर होने के बाद इस पवित्र थाम ने अपनी प्रसिद्धि का कभी दावा नहीं किया। ्री शिव शक्ति श्री महा रूद्र महायज्ञ 7 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले मेला समिति ने अपने कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं। जिसमें 7 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। शिव महापुराण कथा 10 फरवरी को प्रारंभ होगी, जिसका समय 1 से 4 तक रहेगा। कथा व्यास सुप्रसिद्ध सुमित कृष्ण शास्त्री (श्याम भैया) एवं यज्ञाचार्य प्रदीप दुबे (मालझिर) द्वारा किया जाएगा।

# केंद्रीय बजट 2026-27 राष्ट्र निर्माण की दिशा में मजबूत कदम : माया नारोलिया

### भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई बजट पर पत्रकार वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। वार्ता की मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का स्वागत करने के साथ हुई।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त दस्तावेज है। यह बजट केवल आर्थिक प्रावधानों तक सीमित नहीं।बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है।




### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई दिशा...

सांसद नारोलिया ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क को शून्य या अत्यंत न्यून कर दिया गया है। मिडिल क्लास परिवारों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर बायोफार्मा एवं आयुष केंद्रों की स्थापना के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि बजट में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों और 500 महाविद्यालयों में एबीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना से युवाओं की रचनात्मकता को नया आयाम मिलेगा। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक सेवा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है।

पत्रकार वार्ता में श्रीमती वर्षा लोधी, श्रीमती मंजू सिंह कुशवाह, मीडिया प्रभारी हरि साहू, कार्यालय मीडिया विभाग प्रभारी सीएल गौर पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नगर की अवैध कॉलोनियों पर होगी प्रभावी कार्यवाही**

# दो दलों के द्वारा नगर के सभी 15 वार्डों में कॉलोनियों का किया जाएगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

1970 तक नगर छोटा था, जब नेशनल हाइवे 12 भोपाल, जबलपुर मार्ग तत्कालीन वाहरी नगर नाहर गार्डन से होकर निकलते सबसे पहले नाहर कालौनी बनी इसी के साथ बस स्टेंड भी शिफ्ट हो गया। जहां कभी नगर की वाहरी सीमा पर न.प. के चुंगी नाके हुआ करते थे। अब ऐसा क्षेत्र नगर के बीचों-बीच और हृदय स्थल प्रमुख व्यापारिक केन्द्र बने हुए है। पिछले 50 वर्षो में नगर की सूरत बदल जाने के साथ लगभग 25 पुरानी बरेली जैसे क्षेत्रफल, आबादी बढ़ चुकी है।

एसडीएम संतोष मुदगल के आदेश जारी कर नगर की सभी वैध-अवैध कालोनियों का सर्वे करने सीएमओ हरिशंकर वर्मा को नोडल अधिकारी बना कर दो सर्वे टीम गठित की है। पहली टीम द्वारा वार्ड 1 से 8 तक, दूसरी टीम द्वारा वार्ड 9 से 15 तक में बनी कालोनियों का सर्वे जरूरी दस्तावेजों, डायवर्सन रेरा नियमों सहित अन्य अनुमतियों की जांच कर रिपोंट सौंपी जाएगी। 1970 में 30 वाय 60 का प्लाट 2000 रू में आसानी से मिल जाया करता था।



### दस्तावेजों की होगी जांच

1970 में नगर की पहली नाहर कालोनी विकसित हुई इसके बाद दशकों तक कृषि भूमियों को मनमाने ठंग से बेचने का सिलसिला किनगी रोड से पिपरिया मार्ग के कृषि प्रक्षेत्र के पास और अब फोरलेन 45 सडक़ के किनारो पर अवैध कालोनियों का जाल फेला हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर की पुरानी बस्ती के परिवारों को प्लाट बेचते खरीदते समय सुविधाओं के सब्जबाग और सपनें दिखाये गये। जबकि अधिकांश कालोनियां म.प्र. नगर पालिका कालोनाइज़र अधिनियम 1998 संशोधित अधिनियम 2021 के नियमों प्रावधानों का पालन करती है या नहीं सभी जरूरी अनुमतियों दस्तावेजों की जाँच सर्वे के दौरान की जाएगी।

### इनका कहना है

सर्वे के बाद जो कॉलोनियां अवैध मिलती हैं, उनके विरुद्ध अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। नागरिकों से अपील है कि वह प्लॉट, मकान खरीदते समय रेरा पंजीयन और संबंधित विभागों की अनुमति अवश्य देखें।

\- **संतोष मुदगल,** एसडीएम बरेली।

**धार्मिक मिनी कुंभ का 29वां वर्ष**

# कासिया पाटनी से निकाली भव्य स्वरूप में कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

प्रकृति की गोद में बसा मृगन्नाथ धाम दुर्लभ और मनमोहक स्थल है। धार्मिक गाथाएं यहां की पहचान है। संतों की तपोभूमि से इस भूमि का संपूर्ण वतावरण शांति का टापू कहलाता है हर गांव और शहर की इस स्थल से गहरी आस्था जुड़ी हुई है। पुरातत्व और धार्मिक दृष्टि से दुर्लभ स्थान है।

पवित्र धाम के आसपास रहने वाले लोगों में इस धर्म तीर्थ से शांति का आभास रहता है।

महायज्ञ के प्रारंभ अवसर पर कासिया पाटनी से पवन धाम तक निकाली मनमोहक कलश यात्रा में नर और नारी शामिल हुए सनातन धर्म की जयकारो से पूरी सडके गूंज उठी कलश यात्रा में विशेष वेशभूषा में भक्तजन दिखाई दिए । 8 फरवरी को गणेशपूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। इस आयोजन में अपनी भागीदारी गांव के लोग निभा रहे हैं। गांव गांव मे इस आयोजन के लिए समिति प्रचार प्रसार कर रही है।

**कथा के अंतिम दिन विपिन बिहारी महाराज को सुनने पहुंचे भारी संख्या में श्रद्धालु**


भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भोजन, सातों दिन व्यवस्था बनाने में जुटी रही समिति और पुलिस प्रशासन

# अपनी बुंदेली भाषा में बोले विपिन बिहारी महाराज- समाज में कोऊ बड़ो-छोटो नहीं होत, हम सब भगवान के बनाए भए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर ताजपुर महल मार्ग स्थित अवंतिका कॉलोनी में श्री ऋण मुक्तेश्वर महादेव जन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूजा अर्चना एवं महा आरती के साथ समापन हुआ। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी महाराज द्वारा किया गया।

पं. विपिन बिहारी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार से भगवान श्री कृष्णा और सुदामा के बीच अंतरात्मा का जो प्रेम था और सुदामा जी की श्री कृष्ण के प्रति जो प्रेम और श्रद्धा थी उसकी आज के समय में मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि समाज में कोई छोटा नहीं कोई बड़ा नहीं होता सभी भगवान के बनाए हुए हैं, यह मानव जीवन मुश्किल से मिला है हमें एक दूसरे की मदद करना चाहिए कभी कोई बुराई या लड़ाई भी हो जाए तो हमें माफी मांग लेना चाहिए क्योंकि माफी मांगने वाला भी बड़ा होता है। व्यक्ति से माफी नहीं मांगी और फिर मंदिर में भी गए तो भगवान भी माफ नहीं करेंगे।



» भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की करुणामयी कथा को सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



इस दौरान उन्होंने मधुर भजन गया कि तेरा जीवन है अनमोल, तू राधे राधे बोल, अंतरमन के पट खोल, इस भजन पर श्रद्धालु झूम के लिए मजबूर हो गए भागवत कथा के अंत में महाराज श्री ने सभी श्रद्धालुओं से कहा कि हर घर में भजन कीर्तन पूजन भजन होना चाहिए जिससे मानव जीवन का कल्याण हो सके, इस प्रकार से महाराज श्री ने भागवत कथा के आखिरी दिवस कई मार में प्रसंग की व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को बहुत सी बातें बताई जिनका अनुसरण कर मानव अपना और समाज का भी कल्याण कर सकता है।

कथा के आखिर में महाराज श्री ने बहुत ही मधुर भजन गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। भजन पर पूरे पंडाल श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। कथा के समापन पश्चात हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

श्रीमद् भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में नगरवासियों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में महाराज जी की वाणी का रसास्वादन करने पहुंचें। जिन्होंने कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### श्रद्धालुओं को समझाया- परिवार से प्रेम के साथ रहें एक साथ में भोजन करें

पं. विपिन बिहारी महाराज ने अपनी ठेठ भाषा बुंदेलखंडी में श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए समझाया कि अपने परिवार सुधार लिया तो आपके सभी वार सही रहेंगे, क्योंकि परिवार में एकता होना बहुत जरूरी है, हो सके तो सभी परिवारजन एक साथ बैठकर भोजन करें और छोटों को हमेशा बड़ों की इज्जत करना चाहिए। भैया हरो मेरो आपसे कहबो है कि आप अपने घर में एकता बनाकर रहो। नहीं तो आज के दौर में भाई-भाई का दुश्मन हो रहा है और अपनों से बड़ों को नहीं समझ रहा है यह सबसे बड़ी भूल है, जितने भी मेरी कथा को सुन रहे हो बड़े ध्यान से सुनियो दादाहरो मैं जो कछु बात कर रहो हूं ओको ध्यान रखियो।